तापमान

अधिकतम 42.3 डिग्री
न्यूनतम 19.9 डिग्री

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार 20 अप्रैल 2026

11 भगवान परशुराम साहस, शांति व धैर्य के प्रतीक



12 कुराड और भिगान जाने वाली सड़क बनी मुसीबत



## खबर संक्षेप

### गन्नौर से 17 वर्षीय किशोर लापता

**गन्नौर।** शहर में एक 17 वर्षीय किशोर के संदिग्ध हालात में लापता होने का मामला सामने आया है। गांव बितौनी जिला शाहजहांपुर (यूपी) निवासी पप्पू, जो वर्तमान में बीबीसी भट्टा अगवानपुर में परिवार सहित रह रहा था। परिजनों मिलने थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि उसका बेटा आकाश (17) 15 अप्रैल की रात करीब 8 बजे बिना बताए घर से चला गया और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चेक बाउंस मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप निवासी गांव सांघी रोहतक के रूप में हुई है। वर्ष 2022 में चेक बाउंस के एक मामले में शामिल रहने के चलते आरोपी के खिलाफ थाना खरखौदा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में लगातार फरार रहने पर वर्ष 2026 में न्यायालय द्वारा उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया। थाना खरखौदा में तैनात मुख्य सिपाही सुदीप ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### अवैध हथियार लेकर घूम रहा युवक पकड़ा

**खरखौदा।** पुलिस को सूचना मिली थी कि आईएमटी क्षेत्र में एक युवक काफी देर से इधर से उधर घूम रहा है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उक्त व्यक्ति की छानबीन करने के लिए टीम गठित की गई। टीम ने आईएमटी क्षेत्र में निर्माणाधीन शेड की तरफ एक नौजवान युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उक्त युवक इधर- उधर भागने लगा। पिस्तौल की मैगजीन निकाली गई तो चेक करने पर वह खाली मिली। पुलिस ने उक्त युवक से पिस्तौल के कागजात के बारे में पूछा तो वह कोई जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला संदिग्ध हालात में लापता, केस दर्ज

**गन्नौर।** गन्नौर के विश्वकर्मा नगर वार्ड-5 निवासी मन्नू ने थाना बड़ी में अपनी पत्नी सोनिया (38) के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार सोनिया शनिवार दोपहर करीब 12 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गई और देर शाम तक वापस नहीं लौटी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने बताया कि सोनिया के दाहिने हाथ पर 'ॐ' का निशान बना हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर महिला की तलाश शुरू कर दी।

### मां-बेटे से मारपीट कर मारने की धमकी

**खरखौदा।** सिसाना निवासी हिमांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बारह अप्रैल को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके पिता सुनील के साथ मारपीट की थी। उस समय पिता को काफी चोटें आई थीं। बाद में देख लेने की धमकी देकर व्यक्ति फरार हो गए थे। इस बात की रंजिश रखे हुए कुछ व्यक्ति रात्रि को चार-पांच गाड़ियों में उनके घर के पास आए। उस समय घर पर वह और उनकी मां थी। उन्होंने बताया कि उक्त अज्ञात व्यक्ति हाथों में लाठी डंडे लिए हुए थे। उन्होंने घर में घुसकर मां और उसकी पिटाई शुरू कर दी। वह अपनी जान बचाने के लिए घर के अंदर बने कमरे में छुप गए। गनीमत रही कि उसके पिता सुनील दवाई लेने के लिए दिल्ली गए हुए थे।

## टीडीआई किंग्सबरी के फ्लैट में भीषण आग परिवार के बाहर होने से टला बड़ा हादसा

- फ्लैट से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने दमकल विभाग को सूचना दी
- फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया
- आगजनी में एसी, फ्रीज, बेड सहित सारा सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली स्थित टीडीआई किंग्सबरी अपार्टमेंट में शनिवार रात आग लगने से हड़कंप मच गया। आग जे-वन ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट नंबर 201 में लगी, जिसमें लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे।

टीडीआई किंग्सबरी अपार्टमेंट के जे-1 ब्लॉक के फ्लैट नंबर 201 में वेंकटेश्वर अपने परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार रात को खाना खाने के बाद वह परिवार के साथ नीचे टहलने चले गए थे। इसी दौरान फ्लैट से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने तुरंत इसकी सूचना दी। रात करीब नौ बजे दमकल विभाग को आग लगने की सूचना मिली। आग की सूचना मिलते ही कुंडली से दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अपार्टमेंट का फायर फाइटिंग सिस्टम समय पर काम नहीं कर पाया, जिससे आग तेजी से फैल गई।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

आग से धुआं उठने के कारण दूसरे फ्लोर पर फैल गया था। जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। आग पर काबू पाने के बाद ही लोगों को राहत मिल सकी। प्राथमिक जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। आग की चपेट में आकर फ्लैट में रखा फ्रिज, एसी, कूलर, बैड, बर्तन, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गए। जिला दमकल अधिकारी रामेश्वर ने बताया कि रात नौ बजे सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

## फॉर्च्यूनर का शीशा तोड़कर पिस्तौल और कारतूस चोरी

**सोनीपत।** गांव कुमासपुर के पास स्थित एपेक्स ग्रीन सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी फॉर्च्यूनर गाड़ी का शीशा तोडक़र उसे चोरी कर लिया। गाड़ी में रखी लाइसेंसी पिस्तौल, कारतूस, नकदी और जरूरी कागजात भी चोर ले गए। गांव लहराड़ा निवासी रमेश सरोहा ने बहालगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह शनिवार शाम को अपने परिचित अमित के फ्लैट पर एपेक्स ग्रीन सोसाइटी में मिलने आए थे। उन्होंने अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी कर दी और ऊपर चले गए थे। रात करीब दस बजे जब वह वापस पार्किंग में लौटे तो उनकी गाड़ी वहां से गायब थी। मौके पर गाड़ी के चालक साइड का शीशा टूटा पड़ा




मिला। शिकायतकर्ता के अनुसार गाड़ी में 50 हजार रुपये नकद, .32 बोर की लाइसेंसी पिस्तौल, दो कारतूस, हथियार का लाइसेंस तथा वाहन के कागजात रखे हुए थे, जिन्हें चोर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चोरी के साथ-साथ हथियार गायब होने के कारण पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है और इसके संभावित दुरुपयोग को लेकर भी जांच की जा रही है।

## खरखौदा में प्लाट विवाद में युवक पर फायरिंग, अस्पताल में भर्ती



- परिवार का आरोप, धमकी मिलने पर पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई

**खरखौदा।** प्लाट विवाद को लेकर शहर में फायरिंग का मामला सामने आया है। गोली लगने से रोहना गांव निवासी कृष्ण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कृष्ण जिले फार्म हाउस के सह स्वामी हैं। घायल के भाई जयकरण ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली निवासी एक महिला और उसके दो बेटे उन पर दबाव बना रहे थे कि उन्हें प्लॉट दिया जाए, जो उनका है। जयकरण का कहना है कि उनका किसी प्लाट से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद उन्हें परेशान किया जा रहा है। जयकरण के अनुसार, राठधाना गांव के एक युवक ने भी उन्हें फोन पर धमकी दी थी कि उनकी रेकी की गई थी। इस संबंध में उन्होंने पहले ही खरखौदा थाना प्रभारी को सूचित कर दिया था। इसके बावजूद यह घटना घट गई।

### शहर में महाभारतकालीन यादों को जीवंत रखने के लिए वीर पांडवों के नाम बनाए जा रहे स्वागत द्वार

# 'पांडव नगरी' में 93.53 लाख से बने युधिष्ठिर द्वार की सजावट 5 माह में ही गायब

- निगम ने मुरथल रोड पर अक्तूबर 2025 में पूरा हुआ था युधिष्ठिर द्वार, सहदेव द्वार भी बनकर तैयार
- 2026 में शेष पांडवों के नाम से भी बनवाए जाएंगे स्वागत द्वार, 4.55 करोड़ खर्च होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पांडव नगरी सोनीपत में महाभारतकालीन यादों को जीवंत रखने के लिए नगर निगम की ओर से मुख्य मार्गों पर 5 पांडवों के नाम में द्वार बनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य पर कुल 4.55 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जानी है। इनमें युद्धिष्ठिर व सहदेव द्वार बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि तीन अन्य पांडवों के द्वार भी इसी वर्ष के अंदर बनाने का निर्णय लिया गया है। उधर मुरथल रोड पर बने युधिष्ठिर द्वार से 5 माह में ही साथ लगी स्मृतियां गायब होने लगी है, जबकि रखवाले इस बात से अनजान बने हुए हैं। युधिष्ठिर द्वार पर निगम की ओर से करीब 93.53 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है, लेकिन बिना देखरेख स्वागत द्वार की दुर्गति हो रही है। निगम की ओर से मुरथल रोड पर अक्तूबर 2025 में युधिष्ठिर द्वार का निर्माण कार्य पूरा करवाया था। शहर की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए स्वागत द्वार पर लाइटिंग व्यवस्था के साथ सजावट के लिए वेस्ट मैटिरियल से स्मृतियां बनवाई गई हैं। द्वार के एक ओर मछलियां तो दूसरी ओर पक्षी की स्मृतियां बनी है। मुरथल रोड पर बनाए गए युधिष्ठिर द्वार के साथ कई दिन से करीब 3-4 पक्षियों की लगी स्मृतियां मात्र 5 माह में ही गायब हो चुकी हैं। हालांकि सोनीपत में प्रवेश के लिए मुरथल रोड मुख्य मार्ग होने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी व नगर निगम प्रबंधन इस बात से अनजान बने हुए हैं। लोगों का आरोप है कि अधिकारी शहर की सुंदरता के नाम पर आगे दौड़, पीछे छोड़ की नीति अपना रहे हैं। यही कारण है कि बिना देखरेख युधिष्ठिर द्वार से स्मृतियां गायब हो रही हैं,वहीं निगम ने वर्ष 2026 में ही तीन शेष पांडवों के नाम से भी स्वागत बनवाने का निर्णय लिया है। गोहाना रोड पर सहदेव द्वार का निर्माण पूरा कर लिया गया है। नरेला रोड पर नकुल द्वार बनाया जा रहा है। इसके अलावा रोहतक रोड पर भीम द्वार, बहालगढ़ रोड पर अर्जुन के नाम से स्वागत द्वार का बनाया जाएगा।



सोनीपत। मुरथल रोड पर बनाया गया युद्धिष्ठिर द्वार। इनसेट में सजावट के बने पक्षियों से रंग गायब

### अर्जुन द्वार पर गीता का संदेश देंगे भगवान श्रीकृष्ण

पांडवों के नाम पर बनवाए जा रहे प्रवेश द्वार का लेआउट मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की टीम से बनवाया गया है। अधिकारियों की मानें तो शहर में पांडवों के नाम से बनवाए जा रहे स्वागत द्वार में अर्जुन और भीम के नाम से बनाए जाने वाले स्वागत द्वार आकर्षक व भव्य होंगे। बहालगढ़ रोड पर बनने वाले द्वार में भगवान श्रीकृष्ण रथ पर सवार होकर अर्जुन को गीता का संदेश देते नजर आएंगे, वहीं रोहतक रोड पर बनने वाले द्वार पर बलशाली पांडव भीम दुर्योधन की जांघ पर अपनी गदा का प्रयोग करते हुए नजर आएंगे। साथ ही महाराज युधिष्ठिर गेट धर्म की नीति पर चलने का संदेश देगा। नकुल व सहदेव गेट के माध्यम से जीवन उपयोगी संदेशों को दर्शाया जाएगा।

### जल्द ठीक करवाया जाएगा

मुरथल रोड पर बनाए गए युधिष्ठिर द्वार से स्मृतियां गिरने का मामला सामने आया है। जल्द ही ठेकेदार से सभी स्मृतियों को पुनः ठीक करवाकर लगवाया जाएगा। इन स्मृतियों को वेस्ट मैटिरियल से बनवाया गया है। इसके अलावा इसी साल शेष द्वार का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

-**अजय निराला**, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम

## पिता-पुत्र हत्याकांड का सातवां आरोपी गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने खरखौदा क्षेत्र में हुए पिता–पुत्र हत्याकांड में शामिल सातवें आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जमनादास निवासी खरखौदा के रूप में हुई है। 24 अक्तूबर 2025 को बुधराम निवासी गांव गोपालपुर, ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया था कि उनके परिवार की जगनदास व उसके भतीजों के साथ पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इससे पहले मोहित पर गोली चलाने की घटना में भी दोनों पक्षों के बीच मामला दर्ज हुआ था, जिसे बाद में पंचायत के माध्यम से सुलझा लिया गया था। घटना वाले दिन 24 अक्तूबर 2025 की सुबह उनका बेटा धर्मबीर और पोता मोहित सोनीपत कोर्ट में तारीख पर जा रहे थे। इसी दौरान थाना कलां फ्लाईओवर के पास एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसके बाद वाहन से उतरे राहुल, मनीष और एक अन्य युवक ने फ्लाईओवर से नीचे पहुंचकर दोनों को नजदीक से गोलियां मार दीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस जांच के दौरान पहले ही छह आरोपियों—देवराज उर्फ दीपक, रोहित, राहुल, कर्ण और निरंजन उर्फ निखिल उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि छठा आरोपी शुभम पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। अब उप निरीक्षक मंदीप ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए सातवें आरोपी जमनादास को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया।

## फरमाना से मोटर और तार चोरी

**खरखौदा।** फरमाना गांव निवासी नरेंद्र पुत्र श्रीभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में सोलर कनेक्शन लगवाया हुआ है। खेत में पानी व बिजली की दिक्कत ना रहे इसके लिए उन्होंने सबमर्सिबल लगवाया हुआ है। जिसकी मोटर व तार गत रात्रि चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके साथ वारदातों को रोकने के लिए गश्त भी बढ़ाई जाएगी।

## फोन व पैसे चोरी करने वाला पकड़ा

**सोनीपत।** जिले के थाना बहालगढ़ पुलिस ने लॉकर से मोबाइल फोन, कैमरे की बैटरियां और रुपये चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान आफताब पुत्र आसिफ निवासी खौजोरी, दिल्ली हाल निवासी गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 17 अप्रैल 2026 को विपुल पुत्र संतोख पुत्र रामेश्वर राम निवासी शांति मोहल्ला, शीलमपुर दिल्ली ने शिकायत दी थी कि वह अपने भाई और दोस्तों के साथ कुमासपुर स्थित जुरासिक पार्क में नहाने आया था। उन्होंने अपने मोबाइल फोन, रुपये, कैमरे की बैटरियां, पावर बैंक और अन्य सामान एक लॉकर में रख दिया था, लेकिन नहाने के दौरान लॉकर की चाबी गुम हो गई। बाद में लॉकर खोलने पर सारा सामान चोरी मिला। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपित आफताब को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन, कैमरे की बैटरियां और रुपये बरामद किए गए। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



## अदालत में पेश नहीं हुआ आरोपी संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया शुरू

**गन्नौर।** गन्नौर की उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट ( एसडीजेएम )मानसी गौर की अदालत ने राजबीर सिंह बनाम अजय जोहर मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी अजय जोहर को घोषित अपराधी (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर) करार दिया है। अदालत ने यह कदम तब उठाया जब आरोपी को कई बार पेश होने के लिए बुलाया गया, लेकिन वह निर्धारित समयावधि के भीतर उपस्थित नहीं हुआ। अदालत ने अपने आदेश में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के ने आरोपी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश थाना गन्नौर प्रभारी को दिए। इसके अतिरिक्त अदालत ने आरोपी की संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 83 के तहत प्रक्रिया शुरू करने के आदेश भी जारी किए हैं। इसके अलावा शिकायतकर्ता को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह आरोपी की चल-अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करे।

## नकदी छीनने के आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर की पुलिस ने किसान से मोबाइल व नकदी छीनने की घटना में संलिप्त दो नाबालिगों को स्वजन की मौजूदगी में अभिरक्षा में लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।

न्यायालय के आदेश पर दोनों को बाल सुधार गृह मधुबन भेजा गया। गांव मुंडलाना के सत्यनारायण ने 16 अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह अपने खेत में ट्रैक्टर व रिपर से तूड़ा बना रहा था। वह ट्रैक्टर को खेत में छोड़ कर बाइक पर घर आ रहा था। रास्ते में बुसाना रोड पर दो बाइकों पर पांच अज्ञात लडक़े आए और रास्ता रोककर उससे मारपीट की। आरोपित उससे 600 रुपये, हिसाब के दस्तावेज और मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इसी मामले में दो नाबालिगों को अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय में पेश किया। पुलिस पहले आरोपित गांव सिवाहा के साहिल और गांव मोहाना के अजय व रोहित को गिरफ्तार कर चुकी है।




- अदालत ने दोनों आरोपियों को बाल सुधार गृह भेजा

### एप पर शेयर मार्केट और आईपीओ में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगी

# 20.96 लाख निवेश पर 1 माह में दस लाख का प्रॉफिट पैसे निकालने लगा तो खाते का बैलेंस शून्य दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर व पानी के बिल के नाम पर एपीके फाइल और फर्जी लिंक भेजकर लोगों के मोबाइल हैक कर रुपये निकाले लिये। ठगों ने युवक, व्यक्ति और सेवानिवृत्त शिक्षिका से 27.30 लाख रुपये की ठगी कर डाली।सेक्टर-27 निवासी बैंक कर्मी कृष्ण कुमार को कोटक सिक्योरिटीज स्टॉक डिस्कशन नामक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए ठगों ने अपने जाल में फंसाया। कृष्ण कुमार ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि ठगों ने खुद को कंपनी से जुड़ा बताकर उन्हें शेयर मार्केट और आईपीओ में निवेश कराने का झांसा दिया। नियो काटप्रो नाम के एप के जरिए एक माह में 10 लाख रुपये का फर्जी मुनाफा दिखाकर विश्वास जीत लिया गया। उन्होंने 9.95 लाख रुपये निकालने की कोशिश की, लेकिन रुपये नहीं निकले। बाद में अलग-अलग खातों में पैसे जमा करवाकर 20.96 लाख रुपये ठग लिए गए। जब उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की तो खाते में शून्य बैलेंस दिखाया गया। तब उन्हें ठगी का पता लगा। जिस पर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।



### शहर के दो अन्य लोगों ने भी लाखों गंवाए

#### सेवानिवृत्त शिक्षिका से ठग लिए 3.37 लाख रुपये

शहरवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका सुमन को जल बोर्ड हरियाणा के नाम पर व्हाट्सएप संदेश भेजा गया। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि कंज्यूमर आईडी बंद होने की बात कहकर उन्हें एक नंबर पर संपर्क करने को कहा गया। उस नंबर पर कॉल करने पर बातचीत करने वाले ने अपना नाम सौरभ बताया था। साइबर ठग ने बिल जमा कराने को कहा। रुपये जमा नहीं होने पर ठग ने झांसा दिया कि वह आपके 13 रुपये वह जमा करा देते हैं। बाद में उनके खाते में एक रुपया भेजा गया। बाद में लिंक और बैंकिंग प्रक्रिया के बहाने उनके खाते से 15 अप्रैल की देर शाम को तीन ट्रांजैक्शन में 3.37 लाख रुपये निकाल लिये। मैसेज आने पर ठगी का पता लगा। जिस पर साइबर थाना पुलिस को अवगत कराया गया।

#### वाटर टैक्स अपडेट का मैसेज भेजकर खाते से 2.97 लाख उड़ाए, शिकायत पर केस

बत्रा कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार को भी वाटर टैक्स अपडेट के नाम पर मैसेज भेजा गया। उन्होंने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि ठगों ने डीयूएलबी हरियाणा सिटीजन सर्विस एपीके डाउनलोड कराकर उनसे बैंक डिटेल भरवाई। इसके बाद उनके खाते से 99 हजार और 1.98 लाख रुपये निकाल लिए गए। उनके पास भी पहले बिल जमा नहीं होने पर कंज्यूमर आईडी बंद होने का मैसेज भेजा गया था। उसके बाद सौरभ नाम के युवक ने कॉल की थी। उसने डीयूएलबी हरियाणा सिटीजन सर्विस एपीके फाइल डाउनलोड कराई। उसने एप से 13 रुपये जमा कराने को कहा। जब रुपये जमा नहीं हुए तो ठग ने बैंक खाता दर्ज करने को कहा। बैंक खाता दर्ज करते ही उनके पास 99 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। वह तुरंत बैंक गए और वहां जाकर पता लगा कि 1.98 लाख रुपये और कट गए है। तीनों मामलों में ठगों ने फर्जी वेबसाइट, एप और बैंक खातों का इस्तेमाल किया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि ठगी का पता लगने के बाद उन्होंने 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जिस पर साइबर थाना पुलिस ने तीनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली।

## अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग हुई तेज

**सोनीपत।** सोनीपत में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के आधार पर अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग उठाई है। जिला प्रधान नरेंद्र चहल, राज्य सचिव जोगिंदर सिंह, जिला सचिव दिनेश छिक्कारा, जिला कोषाध्यक्ष रोहतास गंगाना, ब्लॉक सोनीपत प्रधान ऋषिकेश तथा जिला ऑडिटर कुलदीप सिंह ने बैठक कर यह मांग रखी।

पदाधिकारियों ने बताया कि 17 अप्रैल को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 16 व 18 जून 2014 की हरियाणा सरकार की नियमितीकरण नीतियों को वैध करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत सभी अतिथि अध्यापक इन नीतियों की शर्तों को पूरा करते हैं, इसलिए उन्हें जून 2014 से नियमित करते हुए सभी लाभ प्रदान किए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में बनी इन नीतियों के तहत विभिन्न विभागों के 4654 कर्मचारियों को नियमित किया गया था, लेकिन विधानसभा चुनाव के चलते प्रक्रिया अधूरी रह गई थी। संगठन ने आरोप लगाया कि बाद में 2015 में नीतियों को होल्ड पर रख दिया गया और 2018 में उच्च न्यायालय द्वारा इन्हें रद्द कर दिया गया था।

अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा नीतियों को वैध ठहराने के बाद संगठन ने सरकार से तुरंत प्रभाव से आदेश लागू करने और मुख्यमंत्री से वार्ता कर अतिथि अध्यापकों को नियमित करवाने की मांग की है।



*व्यस्त आदमी को अपना काम करने में जितनी अक्ल की जरूरत पड़ती है, उससे ज्यादा अक्ल बेकार आदमी को समय काटने में लगती है।*

**- हरिशंकर परसाई**





कहानी

**आशमा कौल**

## प्यारी की अरदास

**आ**ज प्यारी के पोते की शादी है । घर गहमा-गहमी से भरा हुआ है । दूर के रिश्तेदार आने शुरू हो गए हैं । घर में ढोलकी बज रही है, बन्ना –बन्नी के गीत गाए जा रहे हैं ।

प्यारी की उम्र अस्सी से पार हो चली है और उसे घर के सबसे पीछे वाले कमरे में बिठाया गया है। अब वह ज़माना नहीं रहा, जब बड़े-बुजुर्गों को घर के हर काम में आगे रखा जाता था और उनसे हर मसले पर राय ली जाती थी। प्यारी अपने पलंग पर बैठी है, लेकिन उसके कान तो बाहर की तरफ ही लगे हुए हैं। आंखें और घुटने कमज़ोर होते हुए भी आज उसका मन पोते के ब्याह की खुशी की उमंग में उछल रहा है। बीच-बीच में कोई अगर उसके कक्ष के पास से गुज़रता है तो प्यारी आवाज़ें लगाती हैं ताकि सब जान सकें कि वह भी इस घर की खुशी में शामिल है।

'अरे फूफी और फूफा जी आ गए , उनका सामान अंदर ले जाओ'

'बधाई है भाभी, बहूत-बहूत बधाई , मां ठीक है न....' धीमी धीमी आवाज़ें प्यारी के कमजोर कानों में तैर रही हैं, आवाज़ें साफ नही हैं, फिर भी वह समझ गई है कि उसकी दोनों बेटियां और दामाद अभी-अभी पहुंचे हैं। अब वह इंतज़ार में है कि सभी आकर उसको भी बधाई देंगे। वह बार-बार आने वाले रिश्तेदारों की आवाज़ सुनने की कोशिश कर रही है कि उसे भी तो पता चले कि कौन-कौन पहुंच गया है। वह मन ही मन अपनी श्रवण शक्ति को कोस रही है। उसका हालचाल तो सभी पूछ रहे हैं, लेकिन कोई उससे मिलने नहीं आया अभी तक। प्यारी बहूत बेचैन है। घर की कामवाली पारो प्यारी के लिए दिन के भोजन की थाली लेकर आई है।

'अम्मा जी हाथ धो लीजिए, खाना लाई हूँ'

'अरी पारो, तू भी आज बहूत देर से आई मेरे पास। अभी भूख नहीं है , इधर आ मेरे पास बैठ और मुझे बता कि कौन-कौन आ गया है और सबने खाना खा लिया है कि नहीं।'

'अम्मा जी आप खाना खा लो, आज घर में बहूत काम है, मुझे बात करने की फुर्सत कहां हैं, यहां देर कर दी तो मेम साहब बहूत डांट लगाएगी । आपका क्या, आराम से बैठी हो पलंग पर और काम कोई करना नहीं।'

" सच है पारो, अब मैं बेकार हो गई हूं लेकिन बच्चों को देखने का बहूत मन है, वह काम में लगे हैं तो मुझे धीरे-धीरे बैठक में ले जा, जहां ढोलकी बज रही है।'

'ना बाबा ना, मुझे मेमसाहब से डांट नहीं खानी है , आज वह वैसे भी गुस्से मे लग रही हैं । मै उन सबको कह दूंगी कि आप से यहीं आकर मिल लें' – जल्दी से अपना पल्लू झाड़ कर पारो थाली वापस लेकर कक्ष से बाहर निकल गई।

याद आ रहा है प्यारी को अपने बेटे की शादी वाला दिन, कैसे दौड़-दौड़ कर आवभगत कर रही थी, वह सब मेहमानों की । क्या खूब नाची थी वह बारात में कि देखने वाले भी उसका उत्साह देख कर दंग रह गए थे । सुंदर गुलाबी साड़ी और गहनों में वह सभी पर गज़ब ढा रही थी और कुछ को तो यह अंदेशा था कि वह शायद दूल्हे कि मां नहीं बड़ी बहन है। सुबह तारों की छांव में जब वह बहू को लेकर घर पहुंची थी तो उसकी खुशी का ठिकाना ही नहीं था। उसके बर्ताव से बहू, पति, घरवाले, मेहमान और समधी सभी बहूत प्रभावित और खुश थे।

*हर जगह 'प्यारी' नाम के ही चर्चे थे और उसके पांव तो खुशी में जमीन पर पड़ ही नहीं रहे थे। अपनी बेटी, दामाद और उनके घर वालों की खातिरदारी में भी प्यारी ने कोई कमी नहीं छोड़ी थी, लेकिन आज उम्र के इस ढलान पर उसकी कोई पूछ नहीं है।*



एआई जेनरेटेड इमेज

हर जगह 'प्यारी' नाम के ही चर्चे थे और उसके पांव तो खुशी में जमीन पर पड़ ही नहीं रहे थे। अपनी बेटी, दामाद और उनके घर वालों की खातिरदारी में भी प्यारी ने कोई कमी नहीं छोड़ी थी। लेकिन आज उम्र के इस ढलान पर उसकी कोई पूछ नहीं है, यह सोच कर उसका दिल भर आया और आंखें भीग गई । वह सोच रही थी कि वह भी एक ज़माना था, जब वह अपनी सास और मां की परामर्श हर बात में लेती थी और यह आज का मुआ समय जब घर के आखिरी कमरे में उसे अकेले छोड़ दिया गया है। अचानक दरवाज़ा खुलने की आवाज़ से वह सचेत हुई –

" कौन है, आ जाओ "।

मां, मैं हूं कुमुद, कैसी हो तुम।

अरे बिटिया, आ गले लग जा मेरे, बहूत देर से इंतज़ार कर रही थी कि कोई तो आकर मुझसे मेरा हाल पूछे।

"मां, हम सब भाभी का हाथ बंटा रहे थे, आपको पता तो है, वह छोटी-छोटी बातों से परेशान हो जाती है, लेकिन तुम यहां अकेली क्यों बैठी हो, चलो मैं तुम्हें बैठक में ले चलूं'।

'ना बेटा, मैं यहीं ठीक हूँ, तुम सबको परेशानी होगी'।

'नहीं मां, कैसी परेशानी, तुमसे तो घर की रौनक है। दीदी जीजाजी और बच्चे सब वहीं हैं, चलो मैं धीरे- धीरे तुम्हें वहां तक ले चलती हूं।'

बेटी का हाथ थाम कर प्यारी पलंग से उठी और नपे-तुले कदमों से बैठक तक आ गई और सबको दुआएं देने लगी। बैठते हुए प्यारी का हाथ मेज पर पड़े शीशे के गिलास से लग गया और गिलास गिर कर टूट गया। इससे पहले कि कुमुद टूटा गिलास उठाती, भाभी हो हल्ला करती बैठक में आ गई – "लो हो गया काम, अरे अम्मा जी को कौन यहां लेकर आया "।

'अम्मा जी, मैंने आपसे कहा था कि आज वहीं अपने कक्ष में बैठी रहना। काम में मदद नहीं करा सकती हैं, तो कम से कम काम को बढ़ाएं तो नहीं'– तल्ख स्वर में बहू लगभग चिल्लाई तो अम्मा जी घबराहट में कांपने लगी कि शायद उससे कुछ बहूत बड़ा नुकसान हो गया है, तभी पारो आई और शीशा समेट कर ले गई। बेटियां जो सब देख-सुन रही थी, उन्हे भाभी की बात अच्छी नहीं लगी, लेकिन वे उसके स्वभाव से परिचित थी इसलिए कुछ कह नहीं सकी और अम्मा जी भी वहीं चुपचाप कुर्सी में धंस सी गई ताकि माहौल खराब न हो ।

*सब छोटे-बड़े मानो तैयार होने की प्रतिस्पर्धा में जुट गए, कोई घर में तो कोई पार्लर में । अम्मा जी फिर अकेली रह गई। वह सोच रही थी कि आज इस बड़ी खुशी में बेटा-बहू उसको सम्मान से साथ ले जाएंगे।*

'आप सब लोग अब जाने की तैयारी करो और बच्चों को भी जल्दी तैयार करो, दो घंटे में घुड़चढ़ी का मुहर्त है, बारात समय से निकले तो अच्छा है' अचानक बेटे की आवाज सुन अम्मा जी निहाल हो गई और वह पोते के साथ गाड़ी में बैठ कर जाने के ख्वाब बुनने लगी।

सब छोटे-बड़े मानो तैयार होने की प्रतिस्पर्धा में जुट गए, कोई घर में तो कोई पार्लर में । अम्मा जी फिर अकेली रह गई। वह सोच रही थी कि आज इस बड़ी खुशी में बेटा-बहू उसको नई साड़ी देंगे और सम्मान से साथ ले जाएंगे। वह अभी इन्हीं ख्यालों में थी कि बहू की आवाज उसके कानों में पड़ी –

"अरी पारो, यह लो तुम्हारा नया सूट, चलो जल्दी पहनो और तैयार हो जाओ "

'लेकिन मैडम जी , फिर घर में कौन रहेगा'।

'अम्मा जी है न घर में, तुम उनके खाने की थाली बनाकर उनके पलंग पर रख दो और उन्हें भी उनके कमरे में पहुंचा दो ताकि जब बहू आए तो आगे की बैठक ठीक-ठाक मिले। बाहर के दरवाजे पर ताला रख देंगे। अब जल्दी करो समय निकला जा रहा है'।

यह सब बातें बहू ने ज़ोर-ज़ोर से बोली ताकि सासु मां सुन ले और दोबारा उन्हें न कहनी पड़े। ऐसा ही हुआ, प्यारी ने सब सुना तो उसका दिल टूट गया, लेकिन उसने उसकी किरचें फैलने नहीं दी, अपने ही अंदर समेट ली ताकि वे उसके बच्चों को न चुभ जाए। अधिकतर माएं ऐसी ही होती हैं। उसकी आंख में दो आंसू आए, लेकिन बदशकुनी के डर से उसने उन्हें आंखों की कोरों में ही ज़ज्ब कर लिया। बड़ी बेटी जो सब देख चुकी थी, उससे रहा नहीं गया, बोली – मां मैं तुम्हारे लिए नई साड़ी लाई हूं, वह पहन कर तुम मेरे साथ चलोगी'।

'नहीं बेटा, देर हो रही है, तुम जल्दी तैयार होकर निकलो वरना तुम्हारी भाभी नाराज हो जाएगी'– प्यारी खुद पर संयम रख कर बोली।

उसने बेटी की बात नहीं मानी, उसे तो बेटे से उम्मीद थी कि वह आज जिद करके उसे अपने साथ शान से ले जाएगा। घुड़चढ़ी का समय हो गया था और प्यारी के कानों में बैंड -बाजे की हल्की-हल्की आवाज़ आ रही थी और वह अपने दोनों हाथ जोड़े ईश्वर से बच्चों की सलामती की दुआ मांग रही थी। धीरे-धीरे आवाज़ें आनी बंद हो गई और प्यारी रात भर, नई बहू के आने तक अपने इष्ट से अरदास करती रही ताकि उसके टूटे दुखी दिल से बेटे के लिए कोई बददुआ न निकल जाए।

पुस्तक समीक्षा

## आत्मचिंतन की नई दिशा देती है 'आत्मप्रबंधन

समीक्षक

**ममता कुशवाहा**

'आत्मप्रबंधन : सफलता की सीढ़ी' केवल एक साधारण निबंध-संग्रह नहीं, बल्कि लेखक नृपेन्द्र अभिषेक नृप के अंतर्मन में उठते विचारों, संवेदनाओं और जीवन-दृष्टि का सजीव दस्तावेज है। यह कृति पाठक को आत्मचिंतन, आत्मसंयम और आत्मबोध की उस यात्रा पर ले जाती है, जहां वह स्वयं से संवाद करना सीखता है। इस संग्रह में शामिल निबंध 'चुप्पी भी बोलती है', 'भीड़ में इंसान गुम क्यों हो रहा है?', 'गलतियों के साए में उगता सुधार का प्रकाश', 'जहाँ झूठ आसान है, वहाँ सच साहस मांगता है', 'यादें: जीवन का सहारा या बोझ?', 'अकेलापन: रिश्तों की भीड़ में एकांत का सच' आदि, जीवन के उन पहलुओं को उजागर करते हैं, जिनसे हम प्रतिदिन रूबरू होते हैं, परंतु अक्सर उन्हें समझने का प्रयास नहीं करते। 'चुप्पी भी बोलती है' निबंध में लेखक मौन की शक्ति को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हैं। उनके अनुसार, मौन केवल शब्दों का अभाव नहीं, बल्कि अंतर्मन की वह स्थिति है, जो नकारात्मकता को सकारात्मकता में रूपांतरित करने की क्षमता रखती है। 'बदलाव को स्वीकारना भी एक नैतिक साहस है' में लेखक जीवन के अनिवार्य परिवर्तनशील स्वरूप को रेखांकित करते हैं। वे बताते हैं कि परिवर्तन से भयभीत होने के बजाय उसे स्वीकार करना ही जीवन की प्रगति का मूल मंत्र है।





'कठिन समय में चरित्र की असली परीक्षा होती है' निबंध में धैर्य को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया गया है। लेखक के अनुसार, विपरीत परिस्थितियाँ ही व्यक्ति के चरित्र को गढ़ती हैं और धैर्य उसे टूटने से बचाता है। वे स्पष्ट करते हैं कि धन, पद और प्रतिष्ठा भले ही बाहरी सुख दें, परंतु सच्चा संतोष केवल संस्कार, ईमानदारी और सहनशीलता से ही प्राप्त होता है। समकालीन समाज में व्याप्त झूठ, पाखंड और दिखावे के बीच लेखक 'चमक के शोर में खोती सादगी की मौन शक्ति' के माध्यम से सादगी के महत्व को पुनर्स्थापित करते हैं। 'जीवन का सफर: योजना और अनिश्चितता के बीच' निबंध में लेखक जीवन की विविधता और व्यक्तिगत भिन्नताओं को समझाने का प्रयास करते हैं। वे पाठकों को यह संदेश देते हैं कि तुलना के बजाय आत्मस्वीकृति और अपनी परिस्थितियों के अनुरूप आगे बढ़ना ही वास्तविक सफलता का मार्ग है। वास्तव में यह कृति पाठक को आत्मविश्लेषण के लिए प्रेरित करती है। यह सिखाती है कि आत्मसंयम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को नई दिशा दे सकता है। 'आत्मप्रबंधन : सफलता की सीढ़ी' जीवन की उस सच्चाई को सामने लाती है कि यह केवल संघर्षों का नहीं, बल्कि आशाओं, सपनों और संतुलन का सुंदर संगम है।

कवि कॉर्नर

कविता **कियांश जुनेजा**



## मेरा संकल्प

जुलाई की तीस तारीख थी,
वर्ष दो हज़ार सोलह का,
नन्हीं आंखों में सपना था,
उज्ज्वल भविष्य के लेखा का।
जहां लोग घबराते थे,
उन चमकते औज़ारों से,
मैंने दोस्ती कर ली थी,
उन सौ अनजाने संसारों से।

डर को मैंने हराया था,
जिज्ञासा को अपनाया था,
ज्ञान की उस रोशनी ने,
जीवन पथ को सजाया था।'
इंडिया बुक' में नाम लिखा,
'एशिया बुक' ने सम्मान दिया,
मेहनत के हर एक पल ने,
मुझे नई पहचान दिया।

पर केवल रिकॉर्ड बनाना,
मेरा मकसद नहीं बना,
हर भारतवासी स्वस्थ रहे
यही दिल का है सपना।
मुस्कान हर चेहरे पर हो,
यही मेरी चाहत है,
स्वस्थ जीवन की ज्योति ही,
मेरे मन की इबादत है।

स्कूल-स्कूल मैं जाता हूँ,
जागरूकता का दीप लिए,
एनजीओ संग कदम बढ़ाकर,
सेवा का संकल्प लिए।
हर बच्चे को समझाता हूँ,
सेहत का सच्चा खजाना,
दो मिनट की सही ब्रशिंग से,
रोगों को दूर भगाना।

देश सेवा ही धर्म मेरा,
यही मेरा अभिमान है,
भारत माँ की सेवा में,
समर्पित मेरा प्राण है।
मुस्कान बने पहचान हमारी,
सेहत हमारी ताकत हो,
हर कर्म में बस देश बसे,
ऐसी मेरी चाहत हो।

रिकॉर्ड तो बस पहला कदम,
अभी बहूत आगे जाना है,
स्वच्छ और स्वस्थ भारत का,
सपना सच कर दिखाना है।
छोटा हूँ पर हौसला बड़ा,
यही मेरा अरमान है,
हर बच्चे की सच्ची हँसी ही,
मेरी असली पहचान है।



## टांग अड़ाने का अपना सुख-चैन

व्यंग्य **आसिम अनमोल**

*शरीफ़ से शरीफ़ रिश्ते को भांजी मारने वाले अपनी टांग अड़ाई से कहीं जुआरी बना देते हैं कहीं शराबी। अच्छे रिश्ते मिलने के अब इंसान ख्वाब ही देख रहा है। टांग अड़ाना इसका मूल कारण है। टांग अढ़ाई और शराफ़त गीरी का छत्तीस का आंकड़ा हमेशा से रहा है। जितना अच्छा काम करोगे, नेकी के पथ पर चलोगे, उतनी दुगनी ताक़त से टांग अड़ाई जाएगी। आप कोई खराब काम करके देख लीजिए। प्रोत्साहित करने वाले हज़ार मिल जाएंगे । टांग अड़ाने वाला कोई नहीं मिलेगा।*

**टां**ग अड़ाने में हमारे भारत को कोई नहीं पछाड़ सकता। इसमें हमारा भारत पूरी तरह पारंगत है। टांग कहीं पर भी अड़ा दो। यह यहीं संभव है। हमारा देश तो टांग अड़ाने से ही चल रहा है। सत्ता पक्ष के हाथों में देश की भागदौड़ आ जाए तो विपक्ष का टांग अड़ाते रहना दिनचर्या का काम है। अड़ाएगा नहीं तो उसकी उम्मीदें परवान कैसे चढ़ेंगी। इसलिए टांग अड़ाना नितांत आवश्यक। चाहे घर में बनते हुए काम में टांग अड़ा दो। ऑफिस की फाइलों में टांग अड़ा दो।

रास्ते में बातचीत करते जा रहे राहगीर में अड़ा दो। किचन में बन रहे व्यंजन में अड़ा दो। अच्छा नहीं बना। ग़रीब के मुश्किल से बन रहे आधार कार्ड में अड़ा दो। पति-पत्नी के फिल्म देखने के प्रोग्राम में अड़ा दो। अड़ाने में कोई बौद्धिक ताकत नहीं लगती। जैसे छप्पर उठाने के लिए नीचे से डंडे अड़ाए जाते थे। वैसे ही आज जगह-जगह टांग अड़ाई जा रही है। टांग अड़ाना भी साहब एक कला है, फिर कला की बेकद्री कैसे की जा सकती है ? टांग सचमुच हर जगह अड़ ही जाती है। माल में खरीदारी करते समय भीड़ में क़दमों की टांग अड़ाई भी हो जाती है। टांग तो टांग है, वो अपनी हरकत से बाज़ कहां आती है। सफल हो रहे रास्तों में भी ऐसे टांग अड़ाई जाती है कि सफलता भी भी टांग अड़ाई पर पीएचडी करने की ठान लेती है। टांग अड़ाना एक अदब का वायज़ बनता जा रहा है। टांग अगर आपने कहीं नहीं अड़ाई तो आपकी टांगों में टांग अड़ा दी जाएगी। बग़ैर टांग अड़ाए इस वतन की मिट्टी में कोई काम हो ही नहीं सकता। ऐसे टांग की अपनी गरिमा बनी रहती है। गरिमा का ध्यान रखते हुए टांग अपना टारगेट हज़ार जगह अपनी टांग अड़ाकर ही पूरा करता है। टांग अड़ाना एक सामाजिक काम हो गया है।

समाज का सहयोग करने के लिए समाज को टांग अड़ाई का जगह-जगह प्रशिक्षण देना भी ज़रूरी हो गया है। जिसे टांग अड़ाना नहीं आता उसे चलते-फिरते लोगों पर टांग अड़ाने का प्रशिक्षण देना ज़रूरी है। टांग अड़ाने में अगर किन्तु परन्तु हो भी जाता है तो भी टांग अड़ाने का हौसला बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए। टांग का बड़ा महत्व है। टूटी हुई टांग भी अपनी मशहूरियत का ऐसे खुलासा करती है कि अगर रास्ते में मैंने टांग नहीं अड़ाई होती तो टांग पर चढ़े प्लास्टर की महत्ता कैसे बढ़ती। इसलिए टांग अड़ाना बहूत ज़रूरी है। बग़ैर टांग अड़ाए टांग के होने का महत्व ख़त्म हो जाता है। टांग अड़ाना इंसान का मूलभूत हथियार बन चुका है। टांग अड़ाने में इंसान परिपक्व न होकर भी परिपक्वता को समाज के सामने आसानी से ज़ाहिर कर सकता है। टांग फिल्म जगत में भी खूब अड़ाई जाती है। हीरो-हेरोइन का आपसी प्यार तक खलनायक नागवार गुज़रता है। तभी ढिशुम ढिशुम टांग अड़ाने का प्रतीक बन जाता है। टांग अड़ाना सारे नियम कायदे सामाजिक सरोकारों को ऐसे धता बताते हैं कि लड़के लड़कियों के रिश्तों तक में टांग अड़ाने से बाज़ नहीं आता।

शरीफ़ से शरीफ़ रिश्ते को भांजी मारने वाले अपनी टांग अड़ाई से कहीं ज़ुआरी बना देते हैं कहीं शराबी। अच्छे रिश्ते मिलने के अब इंसान ख्वाब ही देख रहा है। टांग अड़ाना इसका मूल कारण है। टांग अढ़ाई और शराफ़त गीरी का छत्तीस का आंकड़ा हमेशा से रहा है। जितना अच्छा काम करोगे, नेकी के पथ पर चलोगे, उतनी दुगनी ताक़त से टांग अड़ाई जाएगी। आप कोई खराब काम करके देख लीजिए। प्रोत्साहित करने वाले हज़ार मिल जाएंगे । टांग अड़ाने वाला कोई नहीं मिलेगा। पुलिस तो बिलकुल ही नहीं दिखाई देगी। असल में यह मान लेना चाहिए कि टांग अड़ाना एक फैशन है। अड़ाए बग़ैर चैन भी नहीं। आजकल इंसान इतनी समस्याओं में उलझने के बावजूद हर मसले में टांग अड़ा अड़ाकर सुख-चैन हासिल कर रहा है तो इसमें बुराई क्या है। आपके उन्नति के रास्ते पर टांग अड़ाई जा रही है तो आप परेशान न हों। क्योंकि इस टांग अड़ाई में ही आपकी उन्नति उन्नति को उन्नति तक पहुंचा सकती है। टांग अड़ा अड़ाकर मनुष्य ने जहालत को भी शिष्टाचार बना दिया। टांग अड़ाने को सामाजिक पहचान दिला दी। टांग अड़ाने का महत्व हमारे समाज पर इतना मेहरबान है कि अब 2027 में ना जाने कितनी टांगें सियासत की भगदड़ में अड़ाई जाएंगी। अब टांग अड़ाने में देश का हश्र कुछ भी हो लेकिन टांग अड़ाने वाले अपने हश्र का ख्याल ज़रूर रखेंगे। देखते हैं कि टांग अड़ाते-अड़ाते हमारे देश का कितना ख्याल रखती हैं टांगें।

मोटिवेशनल

## स्क्रीन टाइम कम करने के उपाय



**दिव्या तंवर**

मोटिवेशनल स्पीकर

आज की युवा पीढ़ी यानी सोशल मीडिया के बिना एक पल भी कल्पना नहीं कर सकती। इंस्टाग्राम, टिकटॉक, फेसबुक, एक्स (पूर्व ट्विटर) और यूट्यूब शॉर्ट्स हमारे रोज़मर्रा के जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। सुबह उठते ही नोटिफिकेशन चेक करना, रील्स देखना और स्टोरी पोस्ट करना – ये सब अब आदत बन गई है। क्या आपने कभी सोचा है कि ये प्लेटफॉर्म हमारे दिमाग पर क्या असर डाल रहे हैं? सकारात्मक पहलुओं के साथ-साथ नकारात्मक प्रभाव भी बहूत गहरे हैं। इस लेख में हम इन्हीं प्रभावों पर चर्चा करेंगे और बताएंगे कि स्क्रीन टाइम कैसे कम किया जा सकता है। सोशल मीडिया सबसे पहले तो ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कमजोर कर रहा है। 15-30 सेकंड के रील्स और शॉर्ट वीडियो हमें लगातार नई उत्तेजना देते रहते हैं। नतीजा? पढ़ाई, काम या किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान लगाना मुश्किल हो गया है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, जो युवा रोज 3 घंटे से ज्यादा सोशल मीडिया पर बिताते हैं, उनकी एकाग्रता का स्तर काफी गिर जाता है। दूसरा बड़ा प्रभाव है तुलना और असुरक्षा की भावना। हम खुद को कमतर समझने लगते हैं, जिससे आत्म-सम्मान घटता है, चिंता बढ़ती है और कई बार डिप्रेशन भी। तीसरा, नींद का बिगड़ना। रात को बेड पर लेटकर स्क्रॉलिंग करने से नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन को प्रभावित करती है। चौथा प्रभाव सामाजिक अलगाव है।

**स्क्रीन टाइम कम करने के 8 व्यावहारिक उपाय**

1. **समय की सीमा तय करें :** फोन के सेटिंग्स में स्क्रीन टाइम फीचर चालू करें। रोज़ 1-2 घंटे से ज्यादा न इस्तेमाल करने का लक्ष्य रखें। ऐप जैसे फ्रीडम, आफटाइम इस्तेमाल करें जो फोन को लॉक कर देते हैं।
2. **नोटिफिकेशन्स बंद रखें :** हर 5 मिनट में आने वाले नोटिफिकेशन हमें बार-बार खींचते हैं। सिर्फ जरूरी ऐप्स (जैसे व्हाट्सएप) का नोटिफिकेशन ऑन रखें, बाकी सब साइलेंट मोड पर।
3. **डिजिटल डिटॉक्स का अभ्यास :** हफ्ते में एक दिन "नो-स्क्रीन डे" रखें। सुबह से शाम तक सिर्फ कॉल और मैसेज चेक करें, रील्स या फीड न देखें। शुरू में मुश्किल लगेगा, लेकिन बाद में मन शांत महसूस होगा।
4. **फोन को बेडरूम से बाहर रखें :** सोने से एक घंटा पहले फोन बंद कर दें। उसकी जगह किताब पढ़ें या जर्नल लिखें। नींद बेहतर आएगी।
5. **ऑफलाइन शौक विकसित करें :** जिम जाना, क्रिकेट खेलना, पेंटिंग करना, किताब पढ़ना या गार्डनिंग, ऐसे काम चुनें जो आपको खुशी दें। जब मन भरेगा, सोशल मीडिया की याद ही नहीं आएगी।
6. **ग्रेस्केल मोड ऑन करें :** फोन के कलर को ब्लैक-एंड-व्हाइट कर दें। रंगीन रील्स कम आकर्षक लगेंगी और इस्तेमाल अपने आप कम हो जाएगा।

लघु कथा

## पहली जीत



**वीना सिंह**

कहानीकार

राधिका शहर के बड़े कॉलेज में पढ़ने आई थी। अपने छोटे से कस्बे से पहली बार बाहर निकली थीए सो जिम्मेदारियों का बोझ भी साथ था और डर भी। पढ़ाई में तेज थीए साथ ही मन से पूरी तरह ईमानदार भी द्य लेकिन हॉस्टल की लड़कियों को उसका आत्मविश्वास चुभता था।

क्लास में प्रोजेक्ट प्रेज़ेंटेशन होने वाला था। सहेलियों ने तय कर लिया कि राधिका को बोलने का मौका न दिया जाए। श्ज़्यादा अकड़ दिखाती हैए देखो आज चुप कैसे रहती हैएश वे हंस पड़ीं। राधिका को उनके गलत इरादों की भनक लग गई थीए फिर भी उसने बड़ी मेहनत से स्लाइड्स तैयार की द्य मन बैठ रहा थाकृक्या वाकई में वे सब उसे बोलने नहीं देंगीं। प्रेज़ेंटेशन शुरू हुआ। टीम के बाकी सदस्य बारी.बारी से बोले और जानबूझकर राधिका का नाम टालते रहे। जब अध्यापक ने पूछाए श्और तुम्हारा निष्कर्ष कौन रखेगाघ्श तभी चुपचाप बैठी राधिका खड़ी हो गई।उसकी आवाज़ कांप रही थीए पर आंखों में नमी थीए लेकिन मन में दृढ़ता थी। उसने बिना स्लाइड देखेए पूरे प्रोजेक्ट का सार इतनी स्पष्टता से रखा कि सब चकित रह गए। अध्यापक ने वहीं घोषणा कर दीकृश्प्रोजेक्ट का सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतिकरण राधिका का था। राधिका सीट पर लौटी तो तालियाँ गूंज उठीं। सहेलियों की आँखें झुकी रह गईं। उसने गहरी सांस ली और फिर कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा।

कुछ हटकर

## बीटेक सीएसई-एआई-एमएल के बाद करियर की भरें उड़ान



**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर

**बी**.टेक (कंप्यूटर साइंस – ए.आई. एंड एम.एल.) एक चार वर्षीय आधुनिक स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। विद्यार्थी पाइथन प्रोग्रामिंग, डाटा स्ट्रक्चर, अल्गोरिथ्म्स, डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क्स , डाटा साइंस, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, और कंप्यूटर विज़न जैसे विषयों का व्यावहारिक अध्ययन करते हैं। इसका उद्देश्य केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें इंटेलीजेंट सिस्टम्स और ऑटोमेशन के विकास में सक्षम बनाना है। ए.आई. -ड्रिवेन ऐप्लिकेशन्स, डाटा एनालिटिक्स, रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

### उच्च शिक्षा के मौके

यह एक ऐसा कोर्स है जो विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी क्रांति का हिस्सा बनाता है। यह क्षेत्र केवल इंजीनियरिंग नहीं, बल्कि इनोवेशन और ऑटोमेशन का संगम है। सही कौशल, मार्गदर्शन और निरंतर अपडेट के साथ विद्यार्थी इस क्षेत्र में देश और विदेश दोनों में उत्कृष्ट करियर बना सकते हैं।

### प्रमुख विशेषज्ञताएं

ए.आई. और एम.एल. के अंतर्गत अनेक शाखाएँ हैं जिनसे विद्यार्थी भविष्य की तकनीक में अपनी विशेषज्ञता स्थापित कर सकते हैं

- एआई इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग व डाटा एनालिटिक्स
- डीप लर्निंग एंड न्यूरल नेटवर्क्स
- नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग
- रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन
- कंप्यूटर विज़न एंड इमेज रिकग्निशन
- प्रेडिक्टिव मॉडलिंग एंड डाटा माइनिंग



### आवश्यक कौशल

छात्रों में निम्नलिखित क्षमताएं आवश्यक हैं ,लॉजिकल थिंकिंग और एनालिटिकल स्किल्स, डाटा मॉडलिंग और स्टेटिस्टिक्स की समझ, पाइथन या जावा जैसी प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज में दक्षता, मशीन लर्निंग लाइब्रेरीज का ज्ञान, प्रॉब्लम सॉल्विंग और रिसर्च ओरिएंटेशन के माध्यम से भूमिका निभा सकते हैं।

### निजी क्षेत्र में विकल्प

हर उद्योग चाहे वह हेल्थकेयर हो, फाइनेंस, एजुकेशन या ई-कॉमर्स — अब ए.आई. सोलूशन्स की ओर अग्रसर है। जैसे आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, ,डाटा साइंस और एनालिटिक्स, ऑटोमेशन और रोबोटिक्स, क्लाउडऔर ए.आई. इंटीग्रेशन

**ये मिल सकता है वेतन :** निजी क्षेत्र में ए.आई. & एम.एल. स्नातकों की प्रारंभिक आय लगभग ₹6 से ₹10 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह ₹20 से ₹30 लाख वार्षिक तक पहुँच सकती है।सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं।

### सरकारी क्षेत्र में मौके

सरकारी क्षेत्र में भी ए.आई. और डाटा एनालिटिक्स की भूमिका अब अत्यधिक बढ़ गई है। कई विभाग और अनुसंधान संस्थान ऑटोमेशन , साइबर सिक्योरिटी, डिफेन्स रिसर्च और इ -गवर्नेंस परियोजनाओं में ए.आई. विशेषज्ञों को नियुक्त कर रहे हैं।

**ये मिल सकता है वेतन :** सरकारी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन ₹5 से ₹9 लाख वार्षिक के बीच होता है, जबकि अनुभव और शोध अनुभव के साथ यह ₹15 लाख या उससे अधिक तक पहुँच सकता है।

*किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।*

## खबर संक्षेप



### शिक्षा के माध्यम से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त

खरखौदा। अंकिता दहिया के सहायक निदेशक के रूप में चयनित होने पर उनके सम्मान में पैतृक गांव में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। खरखौदा उपमंडल के गांव कंवाली में एमएसएमई के चेयरमैन संदीप की पहल पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। अपने उद्बोधन में संदीप पाराशर ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। अंकिता इसका जीवंत उदाहरण हैं कि उच्च शिक्षा से ही उच्च पद हासिल किए जा सकते हैं। इस अवसर पर इंफोर्समेंट निदेशक आदित्य गौड़, ओमप्रकाश नंबरदार, सरपंच हरदीप दहिया, कुलदीप, नरेश प्रधान, जसवंत दहिया, राकेश दहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आर्य समाज का सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव आज से

सोनीपत। आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत का सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव 20 अप्रैल 2026 सोमवार से 26 अप्रैल 2026 रविवार तक आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन संस्था प्रधान ज्ञानेश्वर त्यागी की अध्यक्षता में तथा आचार्य जयेन्द्र आर्य, गुरुकुल नोएडा के ब्रह्मत्व एवं मुख्य प्रवक्ता के रूप में संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान आचार्य सतन देव सत्यम मधुर वाणी में वेदपाठ का जाप करेंगे और मंच संचालन की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। इसके अतिरिक्त संगीत रत्न आचार्य भानु प्रकाश शास्त्री द्वारा प्रभु भक्ति और देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### दो सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा

खरखौदा। उपमंडल के गांव सिलाना में लेक्स फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गांव सिलाना, बिधलान व नकलोई गांव के दो सौ से अधिक व्यक्तियों ने निःशुल्क शुगर, सीबीसी, एचबी और सामान्य शारीरिक जांच का लाभ उठाया। जांच कराने पहुंचे लोगों को संस्था द्वारा मुफ्त दवाएं दी गई। सिलाना स्थित जयनारायण जनता अस्पताल की डॉ. गीतु दहिया और अस्पताल के कर्मचारी चिकित्सा शिविरों के आयोजन में सहयोग कर रहे हैं। लेक्स फाउंडेशन सचिव गजेंद्र राठी ग्रामीण भारत के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने वाली इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं।

### दिल्ली विद्यापीठ के छात्रों ने जीते पुरस्कार

सोनीपत। देवडू रोड स्थित दिल्ली विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने उड़ान समान्य ज्ञान सोसाइटी द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भागीदारी देकर अनेक पुरस्कार जीते। इसमें खुशी ने द्वितीय, और याम्या ने तृतीय पुरस्कार जीते। कन्हैया, परियान्शु, भव्या ने तीन सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करके विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक वीर सिंह सैनी और प्रधानाचार्या आराधना ग्रोवर ने सभी पुरस्कार विजेताओं का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भारत बजट क्विज में विद्यार्थियों ने लिया भाग

सोनीपत। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में मेरा युवा भारत द्वारा दो दिवसीय बजट क्वेस्ट 2026 का आयोजन किया गया। जिले के 19 विद्यार्थियों ने एचएयू के इंदिरा गांधी ऑडोटोरियम हिसार में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहले दिन मुख्य आकर्षण महिला युवा सांसद सत्र रहा। साक्षी व रूपल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक सांसद के रूप में भाषण दिया और निर्णय लेने में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## सोनीपत रोड टी पॉइंट पर किया हवन

# भगवान परशुराम का जीवन साहस शांति व धैर्य का प्रतीक : डॉ. शर्मा

### कैबिनेट मंत्री ने अपनी पत्नी सहित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए



गोहाना। भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन साहस, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य और विवेक का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में न्याय और समानता स्थापित करने की अपील की। वे रविवार को अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हवन आहुति डालने पहुंचे थे। सोनीपत रोड टी पॉइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हवन किया गया। मंत्री ने अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ भगवान परशुराम की विशालकाय प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मंत्री कहा कि भगवान परशुराम का जीवन प्रेरणा का स्रोत है, जिसमें साहस, दृढ़ता, युद्धक कौशल, शांति, धैर्य और ज्ञान जैसे गुण समाहित हैं। युवाओं को इन आदर्शों को अपनाने के लिए सामूहिक रूप से प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि समाज में न्याय और समानता स्थापित की जा सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सदैव अनुकरणीय रहा है।भगवान परशुराम माता-पिता और गुरुओं के प्रति अपनी भक्ति तथा समाज के महत्वपूर्ण विषयों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत बने। सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति प्रधान जयकिशन छपरा मौजूद रहे।

## गुरु-शिष्यों ने भगवान परशुराम को किया नमन



गोहाना। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा के साथ।

गोहाना। जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों ने भगवान परशुराम को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी एडवोकेट सुनेल शर्मा ने की। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं और वे चिरंजीवी हैं। परशुराम ने अपने जीवन में कभी अन्याय को सहन नहीं किया तथा सदैव धर्म का पालन किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन, संयम, साहस एवं सत्य के मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। भौतिक शास्त्र के प्रवक्ता अखिलेश ने भी भगवान परशुराम के जीवन, संघर्ष एवं उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान हिंदी लेखन कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं में कक्षा छठी से इशिका, कक्षा 7वीं से श्रुति, कक्षा 8वीं से अन्वी, कक्षा 9वीं से आंचल, कक्षा 10वीं से यशिका, कक्षा 1वीं से उर्मी, अलिशा, तानिया, अनन्या, प्राची और कक्षा 12वीं से अंशिका को सम्मानित किया गया। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी सम्मानित



गोहाना। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सोसायटी के प्रतिनिधियों व शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- कथूरा में एक दिन गांव के नाम सोसायटी द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

एक दिन गांव के नाम सोसाइटी द्वारा गांव कथूरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मेरा स्कूल कैसा हो विषय पर सोसायटी द्वारा यह प्रतियोगिता 7 अप्रैल को आयोजित की गई थी जिसमें सरकारी और निजी स्कूलों के कुल 593 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

सोसायटी द्वारा घोषित प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम श्रेणी (कक्षा 4, 5 एवं 6) में अवनी प्रथम, खुशी ने द्वितीय और अन्नु ने तृतीय स्थान पर रही। द्वितीय श्रेणी (कक्षा 7, 8 एवं 9) में चावी, सक्षम और प्रियंशी, तृतीय श्रेणी (कक्षा 10, 11 एवं 12) में सोनू नरवाल, मन्नू शर्मा और खुशबू क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष अक्षय नरवाल ने की। विजेताओं को सुरेंद्र नरवाल, अंजू विज, वंदना, संजय हुड्डा, एडवोकेट मीना नरवाल, जितेंद्र नरवाल, मनमोहन शर्मा, गांव के सरपंच नवीन नरवाल, जिला पार्षद तकदीर नरवाल, एडवोकेट विकास नरवाल, ईश्वर नरवाल, राजेश चेयरमैन, रोहतास नरवाल और अमन नेहरा ने सम्मानित किया।

### अक्षय तृतीया दान दिवस के रूप में मनाया

सोनीपत। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में अक्षय तृतीया का पर्व दान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़ी विभिन्न निःशुल्क पाठशालाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अक्षय तृतीया को विशेष रूप से दान दिवस के रूप में मनाया जाता है और जैन धर्म के अनुसार इस दिन भगवान ऋषभदेव ने 12 महीने की लंबी तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था। इसी परंपरा के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस अवसर पर गन्ने का रस वितरित किया । कार्यक्रम में वात्सल्य पाठशाला सेक्टर-23, संचित पाठशाला बस स्टैंड, स्नेह पाठशाला सेक्टर-15 तथा शुभ पाठशाला सेक्टर-12 में संचालित निःशुल्क पाठशालाओं के लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया।





सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया पर किया हवन

सोनीपत। खन्ना कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं के साथ मिलकर देवी-देवताओं सहित भगवान परशुराम का विधिवत पूजन किया। इसके पश्चात पंडित आदित्य शास्त्री की अध्यक्षता में सामूहिक हवन किया गया तथा हवन के उपरांत आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों का स्मरण करते हुए बताया गया कि वे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं और सत्य, साहस, अनुशासन तथा धर्म रक्षा का संदेश देते हैं। जिला अध्यक्ष मेधावी रंजन शर्मा ने सभी को परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दीं तथा संगठन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से संगठन से जुड़ने का आह्वान भी किया।

### भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना कर लगाया भंडारा



सोनीपत। ब्राह्मण उत्थान समिति की ओर से प्राचीन सत्यनारायण मंदिर साबुन दरवाजा में मनाए जा रहे 5 दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह रविवार को संपन्न किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर सत्यनारायण मंदिर परिसर में 5 दिवसीय वेदी पूजन व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने पर विधिविधान के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन में आहुति डालकर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने शिरकत की। पंडित अमित शौनक ने श्रद्धालुओं से मंत्रोच्चारण के साथ हवन में पूर्णाहुति डलवाई। तत्पश्चात मंदिर में परशुराम की मूर्ति स्थापना की गई। मुख्य यज्ञमान के रूप में मुकेश शर्मा सहित समाज के अनेक अनुयायियों ने भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना करवाकर जयकारे लगाए।

## सीता स्वयंवर के दौरान भगवान शिव का धनुष टूटने के प्रसंग का उल्लेख



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत। सोनीपत के नरेन्द्र नगर में श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुंदरकाण्ड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं रामकथा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति भाव से सहभागिता की। संस्था प्रमुख ओपी अरोड़ा ने श्रीराम चरित मानस के बालकांड में वर्णित 'परशुराम संवाद' प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सीता स्वयंवर के दौरान भगवान शिव का धनुष टूटने के बाद का यह अत्यंत नाटकीय प्रसंग विनम्रता, क्रोध और तार्किकता का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर शाम रहेजा, राकेश बहल, ललित बत्रा, महेश सपड़ा, महेश पाण्डे, दिनेश अरोड़ा, सुरेन्द्र भुटानी, धीरज, विजय, मनोज, भूषण आदि उपस्थित रहे। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## रोडवेज बसों में जल्द शुरू होगी डिजिटल भुगतान की सुविधा



जागरूक नागरिक कर्नल अशोक मोर

यात्रियों को नकद भुगतान की झंझट से राहत मिलेगी

गन्नौर। हरियाणा रोडवेज की बसों में सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही टिकट भुगतान के लिए डिजिटल सुविधा मिलने जा रही है। सरकार ने बसों में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आधारित भुगतान प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे यात्रियों को नकद भुगतान की झंझट से राहत मिलेगी। जागरूक नागरिक कर्नल अशोक मोर ने बताया कि सरकार ने इस सुझाव को सकारात्मक रूप से लेते इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस पहल का सुझाव 26 दिसंबर 2024 को सरकार को सुझाव दिया था कि रोडवेज बसों में स्कैनर और यूपीआई जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए, ताकि यात्रियों को प्रीपेड कार्ड रखने की अनिवार्यता से छुटकारा मिल सके और वे मोबाइल के माध्यम से सीधे भुगतान कर सकें। सरकार ने इस सुझाव को सकारात्मक रूप से लेते हुए इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के अनुसार, इस सुविधा की शुरुआत पहले एक जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की जाएगी।

## शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान : आंतिल



टेबल टेनिस की कोच स्वाति टेनिस खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हुए ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- एच के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खिलाड़ियों को मिली नई टेबल

कुराड स्थित एचके सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में स्कूल के निदेशक कुलदीप आंतिल ने विद्यार्थियों के लिए टेबल टेनिस की टेबल उपलब्ध करवाई। निदेशक कुलदीप आंतिल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस जैसे खेल विद्यार्थियों की एकाग्रता और निर्णय क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी।

## नागरिक अस्पताल में वर्ष 2025 की आशा वर्कर्स भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया



सोनीपत विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम।

सोनीपत। न्याय युद्ध मंच के संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम ने सोनीपत के नागरिक अस्पताल में वर्ष 2025 की आशा वर्कर भर्ती में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व अनियमितताओं का खुलासा किया। देवेंद्र गौतम ने रविवार को रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस मामले में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) सोनीपत की जांच रिपोर्ट ने भी गंभीर गड़बड़ियों की पुष्टि की गई है। देवेंद्र गौतम ने आरोप लगाते हुए बताया कि जांच में सामने आया है कि आधिकारिक रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई। उम्मीदवारों को मनमाने तरीके से अंक दिए गए। फर्जी या बाद में बनाए गए दस्तावेजों के आधार पर चयन में भेदभाव किया गया। दस्तावेजों में बदलाव के लिए व्हाइटनर का उपयोग किया गया। सीएमओ की ओर से चयन प्रक्रिया में बिना अधिकार के हस्तक्षेप किया गया। अंतिम मेरिट सूची में अनधिकृत बदलाव कर उसे मंजूरी दी गई। देवेंद्र गौतम ने कहा कि यह सिर्फ अनियमितता नहीं, बल्कि एक सुनियोजित भ्रष्टाचार है।

**मुख्य मांगें**

1. पूरे भर्ती घोटाले की न्यायिक/उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए।
2. संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।
3. पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द किया जाए।
4. योग्य उम्मीदवारों को न्याय दिया जाए।
5. दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए

## समाज सुधारक और शिक्षाविद थे महात्मा हंसराज : अशोक



महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

गोहाना। सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में महात्मा हंसराज की 169वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता मदनलाल धींगड़ा पार्क स्थित वृद्ध आश्रम के पूर्व अध्यक्ष अशोक आर्य ने कहा महात्मा हंसराज आर्य समाज के प्रमुख नेता, महान समाज सुधारक और शिक्षाविद थे। उन्होंने 1886 में लाहौर में डीएवी स्कूल की स्थापना की और वहां बिना वेतन के प्रधानाचार्य का कार्य किया। अपनी सेवा से उन्होंने इस स्कूल को महाविद्यालय तक पहुंचा दिया। उनका जन्म 19 अप्रैल 1864 को पंजाब में हुआ था। महात्मा हंसराज ने अंग्रेजी शिक्षा के साथ वैदिक ज्ञान को जोडक़र भारतीय युवाओं को राष्ट्र प्रेमी बनाया। जयंती समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी बलराज मोर ने की। उन्होंने कहा आज देश में 750 से अधिक डीएवी संस्थान महात्मा हंसराज के प्रयासों का फल है।

**निरीक्षण** मुरथल अनाज मंडी का विधायक ने किया निरीक्षण

# प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। विधायक कृष्णा गहलावत अनाज मंडी मुरथल में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

मुरथल अनाज मंडी में रविवार को विधायक कृष्णा गहलावत ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने मंडी में चल रही खरीद प्रक्रिया, साफ-सफाई, उठान और किसानों को मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मंडी में मौजूद आढ़तियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। आढ़तियों ने उन्हें खरीद में देरी, फसलों के उठान जैसी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी किसान या आढ़ती को परेशानी न हो। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर है और मंडियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाया जाए। मंडी निरीक्षक ने विधायक को जानकारी देते हुए बताया कि मंडी में गेहूं की खरीद सुचारु रूप से जारी है और प्रतिदिन बड़ी मात्रा में फसल की आवक हो रही है।

### ये रहे मौजूद

मंडी निरीक्षक ने कहा कि आढ़तियों और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और उन्हें जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान इस अवसर पर जितेंद्र सचिव मार्किट कमेटी सोनीपत, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल, अमरजीत, दीपक आंतिल, शिलु आंतिल, नरेंद्र आढ़ती, नरेश, रामफूल दहिया के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी और मंडी से जुड़े अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## गोल्डन हैरियर स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

### अंशिका ने 99% अंक लेकर किया टॉप, रितिका और देव चौहान द्वितीय




राई। स्कूल की टाप अंशिका ने 99% अंक, रितिका और देव चौहान, रिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

झुंडपुर रोड स्थित गोल्डन हैरियर स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विद्यालय का समग्र परिणाम शानदार रहा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए। स्कूल के निदेशक अमित ने बताया कि दसवीं कक्षा के परिणाम के अनुसार अंशिका ने 99 % अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रितिका और देव चौहान ने 98.6 % अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिया ने 98.4 %, अंश ने 97.6 % और मोक्श ने 97.4 % अंक लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके अलावा भूमिका तोमर ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के परिणाम पर नजर डालें तो 8 विद्यार्थियों ने 95 % से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 31 विद्यार्थियों ने 90 % से ऊपर अंक हासिल किए। वहीं 58 छात्रों ने 85 % से अधिक और 79 छात्रों ने 80 % से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

गांव कामी से कुराड और भिगान जाने वाली सड़क बनी मुसीबत

# पत्थर बिछाकर लेयर लगाना भूला ठेकेदार, वाहन चालक हुए परेशान

**दोपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी सड़क**

ग्रामीण बोले-समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर क्षेत्र के गांव कामी से कुराड और भिगान को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों में रोष है। सड़क पर ठेकेदार द्वारा केवल पत्थर बिछाकर छोड़ दिया गया है, जबकि उस पर डामर/लेयर डालने का कार्य अब तक शुरू नहीं किया गया है।

ग्रामीणों रणबीर, विकास, सूरज ने बताया कि फरवरी माह में ठेकेदार ने पत्थर बिछाने का कार्य पूरा कर लिया था। इसके बाद सड़क पर लेयर बिछाई जानी थी, लेकिन लंबे समय से काम बंद पड़ा है। सड़क पर बिखरे पत्थरों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क खतरे से खाली नहीं है और फिसलने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। लोगों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभाग की अनदेखी से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जाए और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और संभावित हादसों को रोका जा सके।

### निर्माण सामग्री के रेट बढ़ने से आई दिक्कत : एसडीओ

भवन निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि टेंडर के समय ठेकेदार द्वारा जो निर्माण सामग्री के रेट दिए गए थे वह बढ़ाने के कारण दिक्कत आई है लेकिन इसके बावजूद भी दो-तीन दिन में काम शुरू करवा दिया जाएगा। दूसरा बिट्यूमंस की भी आपूर्ति नहीं हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत यह आई है।

## घटिया निर्माण की खुली पोल, श्मशान घाट का हाल ही में निर्मित टिन शेड उड़ा

■ स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने समय-समय पर उच्च अधिकारियों को घटिया निर्माण सामग्री के बारे में करवाया था अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

स्थानीय श्मशान घाट में नगर पालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में निर्मित टिन शेड की टिन तेज हवा के चलते उड़ गई, जिससे निर्माण कार्य की पोल खुल कर रह गई है। स्थानीय निवासियों का आक्षेप है कि जब टिन शेड का निर्माण किया जा रहा था, तभी निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री को लेकर उन्होंने आपत्ति उठाई थी। इसके बावजूद उनकी शिकायतों को अनसुना कर निर्माण कार्य जारी रखा गया। वर्णित टिन शेड के निर्माण को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है। इसके बावजूद निर्माण की यह स्थिति सामने आने से लोगों में रोष व्याप्त है। बताया जाता है कि श्मशान घाट में करीब 21 लाख रुपये की लागत से विभिन्न कार्य किए जाने थे, लेकिन कई कार्य अभी तक अधूरे पड़े हैं। स्थानीय निवासियों बताते हैं कि उन्होंने समय-समय पर उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों की मांग है कि श्मशान घाट में प्रस्तावित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए तथा अब तक हुए निर्माण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि मामले के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके।

## खबर संक्षेप

### शिविर 182 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



**सोनीपत।** कुंडली स्थित श्रीअग्रसेन धाम में अग्रकेसरी महाकुटुंब अंतरराष्ट्रीय ट्रस्ट और अग्रवाल वैश्य वेलफ़ेयर ट्रस्ट शालीमार बाग दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अग्रसेन धाम कुंडली के भामाशाह दानी एवं नरेला अनाज मंडी के प्रधान सुरेश गर्ग की अध्यक्षता में अग्रवाल सेवा संघ के प्रधान कृष्ण बंसल द्वारा किया गया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की टीम द्वारा लगभग 182 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, मुफ्त दवाइयां व चश्मे वितरित किए गए तथा 26 लोगों की ईसीजी भी की गई। इस अवसर पर दीपक मंगला, राहुल सिंघल, मोहित गुप्ता, संजय बंसल, मुकेश, सतीश तुषीर, संजय शर्मा, संदीप खापरा, पंकज कौशिक, मुकेश अत्री, जगबीर दूहन मौजूद रहे।

### गोशाला में आरओ सिस्टम भेंट किया



**गोहाना।** गोहाना केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा गोशाला में पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था के लिए आरओ सिस्टम और डीप फ्रीजर (डी-फ्रिज) भेंट किया गया। एसो. के अध्यक्ष प्रदीप चहल की अध्यक्षता में अन्य पदाधिकारी व सदस्य श्री नंदलाल गोधाम समिति द्वारा गांव ठसका में संचालित गोशाला में पहुंचे। आरओ सिस्टम व डीप फ्रीजर गोशाला में लगवाया गया। गोधाम समिति के अध्यक्ष एसएन गुप्ता ने कहा कि गोशाला में काफी लोग काम करते हैं। गर्मी के मौसम में स्वच्छ व ठंडे पानी की व्यवस्था बेहद जरूरी है और इस तरह की पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है।

### प्रभु की महिमा का किया बखान



**सोनीपत।** इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से रविवार को विशाल नगर में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकालकर प्रभु गुणगान किया गया। प्रभातफेरी विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस गली नंबर 6 में संपन्न हुई। मार्ग में समिति सदस्यों ने जगह-जगह हरिनाम संकीर्तन करते हुए प्रभु की महिमा का बखान किया। साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्रभातफेरी में रघु कुमार दास ने चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं के बारे में श्रद्धालुओं को जानकारी दी। हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी में कृष्ण कृपा दास, भागवत तत्व दास, युग धर्मदास, व्रजेश नारद दास, बलवान गौरांग दास, सीए कृष्ण कुमार गर्ग, शांत नर्सिंग दास, शालिग्राम दास, मास्टर जयभगवान, जयप्रकाश, कृष्ण पांचाल शामिल रहे।

### संगठन ने आंवला व चम्पा के 41 पौधे रोपे



**गोहाना।** पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री गार्डों को व्यवस्थित करते हुए संगठन के सदस्य।

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन द्वारा रविवार को रोहतक रोड के डिवाइडर व फुटपाथ और शहर थाना के परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। दोनों जगह पर आंवला व चम्पा के 41 पौधे लगाए गए। पौधारोपण की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। उन्होंने कहा कि अब भीषण गर्मी शुरू हो चुकी है। इसके मद्देनजर संगठन द्वारा लगातार अधिक से अधिक पौधों की सिंचाई भी की जाएगी। खासकर छोटे पौधों की सिंचाई जरूर की जाएगी ताकि उनको सूखने से बचाया जा सके। पौधारोपण में अजीत चौहान, मनोज, हरीश, कुशील, बलबीर, जगदीश ने श्रमदान किया। संगठन सदस्यों ने वाटर कैंटर से पौधों में सिंचाई की।

### संजय सिंगला फिर बने जिला प्रधान



**सोनीपत।** जिला फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एंड सीड्स एसोसिएशन, सोनीपत की बैठक निजी बैंक्विट हॉल में आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से लगभग 100 से अधिक डीलरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता लाला भगवान दास ने की। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन हुआ। मुख्य संरक्षक सतबीर सिंह सोलंकी (गांधी) एवं संजय वर्मा, प्रधान संजय सिंगला,उप प्रधान संदीप अहलावत (गोहाना), जगबीर सिंह (गन्नौर), रतन लाल सेठी (सोनीपत), बिट्टू दहिया (खरखौदा), राजकुमार (कुंडली) मुख्य सलाहकार सुनील खत्री, महासचिव सतीश गुप्ता (बिन्नी), सचिव रमेश जैन (सोनीपत), सुरेश (गन्नौर), रवि प्रकाश (खरखोदा), रमेश बजाज (गोहाना), गगन बंसल (बहालगढ़), कोषाध्यक्ष तरुण खत्री, नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली।

### साइबर ठगी के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** साइबर थाना पुलिस ने मोबाइल हैक कर बैंक खातों से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में राजस्थान के अजमेर से सीताराम और जयपुर से युवराज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने महिला के बैंक खाते से 1,08,942 रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। मुंडलाना निवासी सोनिया ने 6 दिसंबर, 2025 को साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि पीएनबी की मुंडलाना शाखा में बैंक खाता है। 1 दिसंबर, 2025 को उन्होंने बैंक खाता की जांच की तो उनके खाते से सात ट्रांजेक्शन में 1,08,942 रुपये निकालने का पता लगा। उनका मोबाइल साइबर ठगों ने हैक कर नकदी निकाल ली। उनके खाते से फर्जी आईडी पर खोले गए बैंक खातों में रुपये भेजे गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं साइबर कुशल पाल सिंह के मार्गदर्शन में थाना साइबर सोनीपत की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सीताराम और युवराज को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 हजार बैंक में होल्ड करवाई।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस नेता कमल दिवान का स्वागत करते हुए।

## परशुराम साहस और शास्त्र-शस्त्र के समन्वय के प्रतीक : दिवान

■ धार्मिक अनुष्ठान में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राह्मण उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन शुक्रवार को किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और भगवान परशुराम के चरणों में शीश नवाया। समारोह के अंतिम दिन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और वेदी पूजन के साथ हुई।

इस अवसर पर कमल दिवान ने कहा कि भगवान परशुराम अन्याय के विरुद्ध साहस और शास्त्र-शस्त्र के समन्वय के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज की एकता पर बल देते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, पूर्व प्रधान लीलू ककरोई, सचिव अंकित मेहता और सोनू वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों का समिति के संस्थापक पंडित मुकेश शर्मा और अन्य पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। पंडित अमित शौनक के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन श्री सत्यनारायण मंदिर, साबुन दरवाजा (नजदीक छोटा शनि मंदिर), सोनीपत में किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## धार्मिक यात्रा पर जा रही श्रद्धालुओं की बस को भाजपा नेता ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


■ करवाए जाएंगे दिल्ली के धार्मिक स्थलों के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। धार्मिक यात्रा से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते भाजपा नेता अंकित मल्होत्रा व अन्य ।

श्री राधा कीर्तन मंडल द्वारा एक विशेष धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को दिल्ली के विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए एक बस को भाजपा नेता अंकित मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंकित मल्होत्रा ने यात्रा पर निकल रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि धार्मिक यात्राएं व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। अंकित मल्होत्रा ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपनी ओर से यात्रा के दौरान भोजन एवं जलपान की व्यवस्था भी करवाई। श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था के लिए मल्होत्रा का आभार व्यक्त किया। अंकित मल्होत्रा ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने से उन्हें आध्यात्मिक शांति और मानसिक सुकून प्राप्त होगा। बस के रवाना होते समय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



गन्नौर। गांव टेहा के सरपंच आशीष त्यागी भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना करते हुए ।

### टेहा गांव में भगवान परशुराम जयंती पर भव्य कार्यक्रम, सरपंच आशीष त्यागी ने की शिरकत

**गन्नौर।** गांव टेहा में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धा व उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने शिरकत की। शुरुआत में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों को याद किया। सरपंच आशीष ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, साहस और धर्म के प्रतीक हैं, जिनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं।। सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में भाईचारा और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने और समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गांव के गणमान्य लोगों और युवाओं का विशेष योगदान रहा।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर गन्नौर में निकली भव्य सनातनी यात्रा

**गन्नौर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को गन्नौर में भव्य सनातनी यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भगवान परशुराम आश्रम बड़ी रोड पर युवा परशुराम परिवार गन्नौर द्वारा किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शिरकत की। जबकि वीरेंद्र बडौली, नवीन जयहिंद, ऋषभ कौशिक, मोनू राठधाना, टोल मैनेजर सूरज , अंकित मुरथल सहित कई गणमान्य लोगों ने भी शिरकत की। डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें धर्म की रक्षा और अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने का संदेश देता है। उन्होंने युवा परशुराम परिवार गन्नौर संस्था को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम की व्यवस्था में जस्सा पंडित, सतबीर शर्मा, सहित युवा सदस्यों ने सहयोग दिया।



गन्नौर। युवा परशुराम परिवार के सदस्य टोल मैनेजर सूरज का सम्मान करते हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया

## वरिष्ठ नागरिकों का मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा रविवार को सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान प्रेम रेलन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अनिल ठक्कर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन रवि कपूर ने किया। सभा की शुरुआत सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ की गई।

इसके बाद मार्च और अप्रैल माह में जन्मे 40 वरिष्ठ नागरिकों का सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा उनका मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रीतपाल बाल्याण ने मधुर गीत प्रस्तुत किया, वहीं प्रेम रेलन ने शेरो-शायरी के माध्यम से उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि अनिल ठक्कर ने सभी जन्मदिन मनाने वाले सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की तथा कहा कि वरिष्ठ नागरिक मस्त, व्यस्त और स्वस्थ रहें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सीताराम भारद्वाज ने अनिल ठक्कर का धन्यवाद किया तथा श्रीमति उषा भंडारी, महिला प्रधान ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश मुंजाल, टेक चंद त्रिवेदी, सतीश अरोड़ा, रमेश अरोड़ा, किशन मिढ़ा, अशोक चांदना, प्रेम धामीजा, हरबन्स लाल अरोड़ा, नरेश, विनय कुमार नरेंद्र झाम्ब, हरीश चावला इत्यादि उपस्थित रहे।

मार्केट न्यूज

### जय भारत पब्लिक स्कूल अटायल छात्रों का बनाता बेहतर भविष्य, अभिभावक दिलाए प्रवेश

**गन्नौर।** गांव खेड़ी गुज्जर व अटायल के पास स्थित भारत पब्लिक स्कूल छात्रों का बेहतर भविष्य बनाता है, अभिभावक अपने बच्चों को प्रवेश दिलाएं। पिछल्ले कई सालों से बेहतर परिणाम लाकर परीक्षा परिणाम बेहतर रहते हुए अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है। स्कूल के प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह पहल ने बताया कि बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर कई बार देवा सोसाइटी द्वारा स्कूल के छात्रों को स्कूटी व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा चुका है। संस्था के प्रधान रमेश खत्री ने बताया कि स्कूल की शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान है। स्कूल में शिक्षा के साथ विभिन्न खेलो पर बल दिया जाता है। जिस का परिणाम है कि स्कूल के साथ खेलो में नाम रौशन कर रहे है। प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह पहल ने अभिभावक से अपील की है कि वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जय भारत पब्लिक स्कूल में प्रवेश दिलाकर उज्जवल भविष्य बनाए। पहल ने बताया कि संस्था का पूरा प्रयास है कि स्कूल के छात्र बेहतर शिक्षा के साथ खेलो में मुकाम हासिल करे। इसी लक्ष्य को लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र पहल के नेतृत्व में शिक्षक मेहनत करवाते है। स्कूल में स्कूल में लाईब्रेरी, साईस लैंब, बच्चों के आवागमन के लिए बस सुविधा, रेगुलर मेडीकल जांच कैम्प, खेलो के लिए मैदान के साथ कोच की व्यवस्था की गई है। अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जय भारत स्कूल में प्रवेश दिलाए और अपने बच्चों का भविष्य बेहतर बनाए।